भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4226
29 मार्च, 2022 को उत्तर देने के लिए

उत्तर प्रदेश में नए खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना

4226. श्री अनुराग शर्माः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में चल रहे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एफपीआई) का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान नए एफपीआई की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश से कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ग) झांसी और ललितपुर सहित देश में एफपीआई को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या अन्य कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र सहित पंजीकृत विनिर्माण क्षेत्र के आंकड़े उद्योग के वार्षिक सर्वेक्षण के माध्यम से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं। नवीनतम वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) 2018-19 के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य में प्रचालनरत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की कुल संख्या 1792 थी।

(ख): प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के लिए संपदा पोर्टल के अनुसार, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय को पीएमकेएसवाई के अंतर्गत विभिन्न घटक योजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश राज्य से 106 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ग): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर जिलों सहित देश भर में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की समग्र वृद्धि और विकास के लिए प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) लागू कर रहा है। पीएमकेएसवाई योजनाएं मांग आधारित हैं और एमओएफपीआई द्वारा समय-समय पर जारी की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए चयनित पात्र आवेदकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) दृष्टिकोण के साथ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमफएमई) को भी कार्यान्वित कर रहा है। उत्तर प्रदेश में 75 जिलों को ओडीओपी हेतु चिन्हित किया गया है। तुलसी के लिए झांसी और हल्दी के लिए ललितपुर को चुना गया है।

****